# झाँसी पुलिस

दिनाँक-02.07.2021

## दहेज हत्या के अभियोग में वांछित नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री शिवहरी मीणा के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर श्री विवेक त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी सदर श्री अरूण कुमार चौरसिया के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक श्री रणविजय सिंह चौहान मय पुलिस बल थाना प्रेमनगर झाँसी द्वारा मु0अ0स0 220/2021 धारा 498ए/304बी भादवि व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधि0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त जगदेव पुत्र स्व0 श्री पन्नालाल निवासी पुलिया न0 09 नया कछियाना मोहल्ला थाना प्रेमनगर जनपद झांसी उम्र 27 वर्ष को गिरफ्तार किया गया एवं विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

### घटना विवरणः-

दिनांक 01.07.2021 को वादी रामकिशन पुत्र स्व0 सीताराम निवासी गढिया गाँव थाना प्रेमनगर झाँसी ने सूचना दी थी कि वादी की पुत्री की शादी दिनांक 25/02/2021 को जगदेव पुत्र स्व0 पन्नालाल निवासी पुलिया नम्वर-9 कछियाना महोल्ला थाना प्रेमनगर झाँसी के साथ सम्पन्न हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन दहेज की माँग करने लगे थे जिससे परेशान होकर वादी की पुत्री ने दिनांक 30/06/2021 को सांय 05 बजे फांसी लगा ली जिसके संम्बन्ध मे थाना प्रेमनगर पर मु0अ0स0 220/2021 धारा 498ए/304बी भादवि व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधि0 पंजीकृत किया गया था। दिनांक 02.07.2021 को नामजद अभियुक्त जगदेव पुत्र स्व0 श्री पन्नालाल निवासी पु0न09 नया कछियाना थाना प्रेमनगर जनपद झांसी उम्र 27 वर्ष (मृतका का पति) को गिरफ्तार किया गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

- जगदेव पुत्र स्व0 श्री पन्नालाल निवासी पु0न09 नया कछियाना थाना प्रेमनगर जनपद झांसी उम्र 27 वर्ष (मृतका का पति)

### पुलिस टीम का विवरणः-

- प्रभारी निरीक्षक श्री रणविजय सिंह थाना प्रेमनगर झाँसी
- उ0नि0 श्री कृष्णकुमार चौकी प्रभारी पुलिया न0 9 थाना प्रेमनगर झाँसी
- का0 1224 अनुज कुमार थाना प्रेमनगर झाँसी
- का0 671 दिनेश कुमार थाना प्रेमनगर झाँसी
- म0का0 1912 पिंकी थाना प्रेमनगर झाँसी